2023-24

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रूद्रप्रयाग

“आज की कहानी बच्चों की जुबानी”

1—कार्यक्रम का शीर्षक —

“आज की कहानी बच्चों की जुबानी”

2–कार्यक्रम का औचित्य–

"निपुण भारत अभियान का सपना सब बच्चे समझें भाषा और गणना" राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में बच्चों में मूलभूत साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के कौशल को विकसित करने हेतु विशेष बल दिया गया है । इस पक्ष को देखते हुये जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ,रूद्रप्रयाग द्वारा बच्चों में पढ़ने को रोचक बनाने व भाषाई कौशल को विकसित करने के उद्देश्य से जनपद के राजकीय प्राथमिक विद्यालयों के कक्षा 1 से 3 के विद्यार्थियों में कहानी को समझ के साथ पढ़कर सुनाने के प्रति रूचि विकसित करने हेतु उनके द्वारा रेड़ियो पर अपनी पाठय पुस्तक/समकक्ष पुस्तकों की कहानी को धारा प्रभाव एवं उचित आरोह–अवरोह के साथ सुनाने से उनमें एवं राज्य के अन्य विद्यालयों में छात्र–छात्राओ के में कहानी के प्रति रूचि उत्पन्न होगी तथा भाषाई कौशल का विकास होगा ।

3–कार्यक्रम का उद्देश्य–

- निपुण भारत के लक्ष्यों के प्राप्त करने का प्रयास
- बच्चों में धारा–प्रभाव पठन को विकसित करना ।
- बच्चों को समझ के साथ पढ़ने के कौशल को बढावा देना।
- समाज विद्यालयों में बच्चों की पठन की प्रगति का आकलन कर सकेगा ।

4–कार्यक्रम का क्रियान्वयन–

इस कार्यक्रम के अन्तर्गत तीन सामुदायिक रेड़ियो केन्द्रों मंदाकनी की आवाज (90.8FM), रेडियो केदार(91.2FM) एवं रेडियो ऋषिकेश (90.0FM) केन्द्रों पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों के कक्षा 1 से 3 के बच्चों को ले जाकर उनके द्वारा अपनी पाठय पुस्तक/समकक्ष पुस्तकों की कहानी काधारा प्रभाव में वाचन किया गया । उनके शिक्षक द्वारा विद्यार्थियों से कहानी के सम्बन्ध में प्रश्नोतर किये गये ,जो कि बच्चों की कहानी के प्रति समझ को दिखाता है । इस सम्पूर्ण कार्यक्रम का प्रसारण तीनों केन्द्रों के माध्यम से किया गया । यह प्रसारण जनपद के तथा राज्य के अन्य कई विद्यालयों के बच्चो द्वारा भी सुना गया । इससे अन्य विद्यार्थी भी प्रेरित हुये । इस कार्यक्रम का शुभारम्भ 14 नवम्बर बाल दिवस के अवसर पर महानिदेशक महोदय द्वारा किया गया । प्रथम प्रसारण में रा०प्रा०वि०जाबरी अगस्त्यमुनि रूद्रप्रयाग के बच्चों द्वारा एक कहानी प्रस्तुत की गयी तथा उनकी शिक्षिका अरूणा नौटियाल ने बच्चों से प्रश्नोत्तर किये गये। द्वितीय प्रसारण दिनॉक

26 दिसम्बर 2023 को तीनों स्टेशन से किया गया जिसमें रा०प्रा०वि०लौगा जखोली रूद्रप्रयाग के बच्चों द्वारा एक कहानी प्रस्तुत की गयी तथा उनकी शिक्षक आशीष तिवाड़ी ने बच्चों से प्रश्नोत्तर किये गये ।

5–कार्यक्रम के परिणाम (आउट कम)–

- बच्चों में रेड़ियो प्रसारण के कारण पढ़ने की आदत का विकास हुआ ।
- अपनी बारी आने की उत्सुकता में बच्चों द्वारा धारा प्रभाव–पठन का अभ्यास किया जा रहा है ।
- सम्पूर्ण राज्य के बच्चों द्वारा यह कार्यक्रम सुना गया ।
- निपुण भारत के लक्ष्यों की प्राप्ति की ओर अग्रसर

https://youtu.be/1msF5TlyP2A

“आज की कहानी”बच्चों की जुबानी , कार्यक्रम प्रसारण विवरण

क्र०सं०	सामुदायिक रेडियो का नाम	FM	कार्यक्रम सुनने हेतु App/ youtube QR/लिंककोड	समय	द्वितीय एपिसोड प्रसारण	पुनः प्रसारण तिथि
01	मंदाकनी की आवाज	FM90०8	Mixlr.App लिंक https://play.google.com/store/apps/details?id=com.mixlr.android	PM 12रू15	2023 दिसम्बर 26	प्रत्येक शनिवार
02	रेडियो केदार	FM91०2	https://youtube.com/@radiokedar?si=T1-F24KlK05owXP1	PM 12रू15	2023 दिसम्बर 26	प्रत्येक मंगलवार
03	रेडियो ऋषिकेश	FM90०0	https://youtube.com/@RADIORISHIKESH?si=Kdl5LM_PHJaBWLku	PM 12रू15	2023 दिसम्बर 26	प्रत्येक बृहस्पतिवार

प्रसारण सुनने के उपरान्त कार्यक्रम फीडबैक फॉर्म लिंक एवं कोड QR

https://forms.gle/N6coUySfx627f7hVA

सभी प्रधानाचार्य| प्रधानाध्यापकों द्वारा आवश्यक रूप से ऑनलाइन भरा जाना है/